भारतसरकार / GOVERNMENT OF INDIA
खानमंत्रालय/ MINISTRY OF MINES
भारतीयखानब्यूरो / INDIAN BUREAU OF MINES
खाननियंत्रक(द.अ.)कार्यालय
OFFICE OF THE CONTROLLER OF MINES (SZ)

दूरभाषासं./Tel. No.: (080) 29505368 / 29501827
ई-मैल/email: zo.bangalore@ibm.gov.in

२९, इंडस्ट्रियलसबर्ब, IIस्टेज, तुमकुररोड,
29, Industrial Suburb, 2nd Stage, Tumkur Road,
गोरगुंटापाल्या, येशवंतपुर,बेंगलुरु– ५६००२२
Goraguntepalya, Yashwanthpur, Bangalore-560022

फा.सं.:ई-11/1/2023-BNG-IBM_ दिनांक: 04-06-2026

सेवा में,
राजभाषा अधिकारी
भारतीय खान ब्यूरो
नागपुर

विषय :दिनांक 22.05.2026 आयोजित कार्यशाला रिपोर्ट के संबंध।

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर आपको सूचित किया जाता है कि आंचलिक कार्यालय, क्षेत्रीय कार्यालय एवं क्षेत्रीय खनिज प्रसंस्करण प्रयोगशाला, बेंगलूरु मे समेकित रूप से दिनांक 22.05.2026 को एक पूर्ण दिवसीय हिन्दी कार्यशाला का आयोजन किया गया था।

आयोजित कार्यशाला की रिपोर्ट आपके सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु इस पत्र के साथ संलग्न है।

भवदीय

(शैलेंद्र कुमार)
खान नियंत्रक (द.अ)

Digitally signed by
Shailendra Kumar
Date: 08-06-2026
12:21:15

बेंगलुरू स्थित भारतीय खान ब्यूरो के कार्यालय मे दिनांक 22.05.2026 को आयोजित एक पूर्ण दिवसीय हिन्दी कार्यशाला की रिपोर्ट

भारत सरकार की राजभाषा नीति एवं वार्षिक कार्यक्रम अनुसार बेंगलूरु के आंचलिक कार्यालय, क्षेत्रीय कार्यालय एवं क्षेत्रीय खनिज प्रसंस्करण प्रयोगशाला मे समेकित रूप से दिनांक 22.05.2026 को एक पूर्ण दिवसीय हिन्दी कार्यशाला का आयोजन किया गया।

हिन्दी कार्यशाला का विधिवत उद्घाटन दिनांक 22.05.2026 को दीप प्रज्वलन के साथ हुआ । श्री शैलेंद्र कुमार, खान नियंत्रक (दक्षिण अंचल), डॉ. सुरेश प्रसाद, क्षेत्रीय खान नियंत्रक, बेंगलुरु, डॉ. जामी विजय कुमार, अधीक्षण अधिकारी (अयस्क प्रसाधन), बेंगलुरु और हिन्दी कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित श्री अभिनय कुमार शर्मा, संपादक, नागपुर एवं श्री असीम कुमार, वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी, नागपुर के कर-कमलों द्वारा दीप प्रज्वलन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत श्री शैलेंद्र कुमार, खान नियंत्रक (दक्षिण अंचल) के द्वारा दिये गए अध्यक्षीय भाषण से हुआ, राजभाषा के प्रति कार्यालय में हर किसी को जानकारी होनी चाहिए और आने वाले दिनों में हमारा कार्यालय बेहतर कार्य करे इसके लिए प्रेरित किया। हमारे कार्यालय को इसी वर्ष 20 जनवरी, 2026 को इंदौर में आयोजित राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कार भी मिला जो भारत सरकार के गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग द्वारा 'ग' क्षेत्र (दक्षिण – पश्चिम क्षेत्र) के अंतर्गत कार्यालय (50 से अधिक कर्मियों वाले) श्रेणी में द्वितीय पुरस्कार प्राप्त हुआ था। खान नियंत्रक ने इसी तरह आगे भी राजभाषा संबन्धित कार्य को ठीक से करने पर जोड़ दिया ।

इस एकदिवसीय पूर्ण कार्यशाला मे कुल 43 प्रतिभागियों ने भाग लिया जिनमें 30 अधिकारी एवं 13 कर्मचारी थे। कार्यशाला के प्रथम सत्र में श्री अभिनय कुमार शर्मा, संपादक, नागपुर जिनका विषय "राजभाषा नीति एवं ई-ऑफिस में हिन्दी में कैसे काम करें" था । उन्होनें कार्यशाला में उपस्थित सभी प्रतिभागियों को विषय के अलावा सरकारी कार्यालय में राजभाषा नीति को विस्तार से बताया और उसका क्रियान्वयन को भी सरल भाषा में बताया।

उन्होनें यह भी बताया की कैसे राजभाषा के नियमों को ध्यान में रखकर हमें 'क' 'ख' और 'ग' क्षेत्रों में पत्राचार करना चाहिये है। उन्होनें इस सत्र के बाद सभी प्रतिभागियों के प्रश्नों का जवाब भी दिया । उन्होंने कहा कि हिन्दी का अपने दैनिक कार्यों में प्रयोग कर

कार्यालय में हिन्दी के प्रयोग को गति दे सकते हैं। सभी प्रतिभागियों द्वारा इस पाठ्यक्रम की प्रशंसा की गई।

कार्यशाला के दूसरे सत्र में श्री असीम कुमार, वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी, नागपुर ने "पारिभाषिक शब्दावली एवं हिन्दी वर्तन" इस विषय पर चर्चा की और अपनी बात रखी। उन्होनें सभी प्रतिभागियों से अभ्यास भी कराया। उन्होनें अपने विषय पर विस्तृत जानकारी दी एवं हिन्दी के प्रयोग पर केंद्र सरकार द्वारा दिये गए दिशा- निर्देश के बारे में भी जानकारी दी।

खान ब्यूरो

अंत में हिन्दी संपर्क अधिकारी श्रीमती निधि कुचिया,उप अस्यक प्रसाधन अधिकारी ने धन्यवाद ज्ञापन किया जिसमें सभी गणमान्य को धन्यवाद किया साथ ही साथ वर्तमान में हिन्दी से संबन्धित कार्य कर रहे सभी का धन्यवाद किया ।